उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

**जनपद–सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, हापुड़, गौतमबुद्धनगर व बागपत में निर्धारित अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा (डीवी / पीएसटी) की तिथियों (दिनांक 04–08–2026, 05–08–2026 व 06–08–2026) में परिवर्तन हेतु महत्वपूर्ण सूचना एवं संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने विषयक**

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–09 / 2026 दिनांक– जुलाई 13 ,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षक (डीवी / पीएसटी) हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की डीवी / पीएसटी की कार्यवाही प्रदेश के 75 जनपदों की रिजर्व पुलिस लाइन्स में दिनांक 13–07–2026 से 07–08–2026 तक निर्धारित की गयी है।

2– **अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से जनपद–सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, हापुड़, गौतमबुद्धनगर व बागपत में दिनांक 04–08–2026, 05–08–2026 व 06–08–2026 को डीवी / पीएसटी हेतु आहूत अभ्यर्थियों की तिथियों में परिवर्तन किया गया है।**

3– उक्त सम्बन्ध में संशोधित तिथियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है, जिन्हे उपरोक्त जनपदों के सम्बन्धित अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर अपना संशोधित तिथि का प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर संशोधित निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश पत्र में उल्लिखित सम्बन्धित मूल अभिलेखों तथा मूल अभिलेखों की एक स्वः प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेंगी।

**(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)**
अपर सचिव (भर्ती) / परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।